एम.आर. मोरारका–जीडीसी रूरल रिसर्च फाउण्डेशन

स्टेशन रोड़, नवलगढ़, झुन्झुनू (राजस्थान)

सौर ऊर्जा चलित लालटेन रोजगार बना सुनहरा अवसर

मोरारका फाउण्डेशन द्वारा सौर ऊर्जा चलित लालटेन रोजगार के माध्यम से गरीब व विकलांग लोगो के लिए न केवल अकल्पनीय रोजगार का साधन बल्कि गरीबो को अपने घरो में रोशनी करने की योजना भी लाया। शेखावाटी क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जरूरतमंद व्यक्तियों को घर बैठे रोजगार देकर उनका जीवन सफल व आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही उनकी आर्थिक स्थिति में बढोत्तरी एवं रोजगार बढ़ाने में भी सहयोग किया और लोगो की रूचि को देखते हुए फाउण्डेशन ने इस कार्य को अधिकतम जरूरतमंदो को सौर ऊर्जा के रोजगार से जोड़ने का निश्चय किया। तथा साथ ही साथ सौर ऊर्जा के प्रति जागरूकता लाने का प्रसार–प्रचार भी किया।

इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भाखरियों की ढ़ाणी, गांव बसावा में मोरारका फाउण्डेशन ने विकलांग 'श्री दीपाराम' जो अपने मजदूरी करने वाले भाईयों के साथ घर में गरीबी और बेरोजगारी से जूझ रहा था का चयन सौर उर्जा पैनल व अन्य संसाधन लगाने एवं 25 सौर उर्जा से चलित लालटेन प्रदान करने के लिये किया, हमारा उद्‌देश्य था कि 'दीपाराम' इनके व्यावसायिक उपयोग से रोजगार पाये जैसे कि वो उन्हे शादीयों, समारोहों में, विभिन्न आयोजनों में, जिन ग्रामीणों के पास बिजली कनेक्शन नहीं है उन्हे दैनिक रोशनी की पूर्ति हेतु, बिजली कटौती के समय, परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थीयों को, खेत में रात की पारी में कार्य करने वाले किसानों आदि को एक तय किराये पर देकर आय अर्जित करके घर बैठे रोजगार पाये। इसके प्रचार हेतु हम केन्द्र पर पूरी सूचनाएं लिखवा रहे है तथा पम्फलेट भी छपवा कर दे रहे है जिन्हे वो आस–पास के गांवो में बाँट कर अपने व्यवसाय का प्रचार–प्रसार कर सकेगा तथा 'दीपाराम' को इसके उपयोग एवं इनसे आय अर्जित करने के तरीकों के बारे में भी समझाया गया है साथ ही आमजन को इस अभियान से जोड़ कर सौर उर्जा के प्रयोग के प्रति जागरूक करना भी हमारे कार्यक्रम में शामिल है और हमेशा से ही यह उद्देश्य रहा है कि गांवों में रोजगार के कम प्रचारित अवसरों को सुगम बनाकर ग्रामीणों को मुहैया करवायें। सौर उर्जा के इस्तेमाल द्वारा रोजगार भी इसी श्रृंखला की एक अन्य कड़ी के रूप में हमने लागू किया।

लाभान्वित 'दीपाराम' का तो कहना है कि मोरारका फाउण्डेशन ने मुझे ना केवल रोजगार बल्कि मेरे अन्धकारमय जीवन को एक सुनहरा अवसर भी प्रदान किया और अब में इस रोजगार के साथ – साथ सौर ऊर्जा के उपयोग के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी जुटाकर क्षेत्र के लोगो को इसके प्रति जागरूक करूंगा और लगन से कार्य कर आय अर्जित करूगा ताकि मेरे मजदूरी करने वाले भाईयों पर आश्रित ना रहकर मैं स्वयं ही इस रोजगार द्वारा मेंरे परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार करूंगा।

कार्यक्रम समन्यवयक
मोरारका फाउण्डेशन